इंस्पायर अवार्ड में चार रैंक फसिला भागलपुर

चर्चा में क्यों?

8 जनवरी, 2023 को बिहार में सर्व शिक्षा अभियान के गुणवत्ता कोषांग के अपर मुख्य कार्यक्रम समन्वयक शिव कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड में इस बार भागलपुर की रैंकिंग नीचे आ गई है, जबकि बीते साल में भागलपुर ने सूबे में तीसरा रैंक हासिल किया था।

प्रमुख बिंदु

- समन्वयक शिव कुमार ने बताया कि इस वर्ष भागलपुर ज़िले के 143 बच्चे चयनित हुए, इसके बाद भी भागलपुर को सूबे में सातवाँ रैंक प्राप्त हुआ है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में सरकारी स्कूलों के बच्चों को नवाचर के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष इंस्पायर अवार्ड का आयोजन किया जाता है।
- इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बच्चों को आनलाइन निबंधन कराना पड़ता है। इस अवार्ड योजना में कोई भी छात्र नया और रचनात्मक आइडिया भेज सकता है। आइडिया का चयन नवीनता, व्यवहारिकता, सामाजिक उपयोगिता, पर्यावरण की अनुकूलता और वर्तमान तकनीक से बेहतरी के आधार पर किया जाता है।
- भागलपुर ज़िला के 1926 बच्चों ने इंस्पायर अवार्ड में आइडिया भेजा था। इसमें 143 बच्चों के आइडिया का चयन इंस्पायर अवार्ड के प्रथम चरण के लिये किया गया है। चयनित बच्चों को अब आइडिया के आधार पर मॉडल बनाने के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से दस-दस हज़ार रुपए दिये जाएंगे।
- राज्य में नटखट साइंस लैब के मागदर्शन वाले सात विद्यालयों के 14 छात्र-छात्राओं का चयन इंस्पायर अवार्ड के पहले चरण के लिये किया गया है। इसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा भागलपुर, भवानी कन्या मध्य विद्यालय खंजरपुर, मध्य विद्यालय रामपुर, उर्दू मध्य विद्यालय चंपानगर, मदनलाल कन्या मध्य विद्यालय भागलपुर, मध्य विद्यालय नाथनगर नंबर वन आदि शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhagalpur-sipped-four-ranks-in-inspire-award